
# राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर
# Raj Rishi Bhartrihari Matsya University, Alwar



# वार्षिक प्रतिवेदन

## सत्र 2018-19
(दिनांक 31.12.2018 तक)

# राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

(अस्थाई कार्यालय : महिला छात्रावास भवन, बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय परिसर, अलवर)
Phone : 0144-2730321, 2730327, 2980046 FAX : 0144-2730321
Website :- www.rrbmuniv.ac.in

क्रमांक :— रात्रभमवि/अल/ संस्थापन /2019/1503 दिनांक :— 04.02.2019

## वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2018—19

1. **संक्षिप्त इतिहास** :— माननीय मुख्यमंत्री के बजट भाषण वर्ष 2012—13 में अलवर में मत्स्य विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा की गई थी। इस क्रम में, मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर, अधिनियम, 2012 (2012 का अधिनियम संख्यांक 27) जो राजपत्र में दिनांक 23 अगस्त, 2012 को प्रवृत्त हुआ है, के द्वारा "मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर" की स्थापना की गई तत्पश्चात राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक प.2(14) विधि/2/2014 दिनांक 04.07.2014 द्वारा मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर (नाम परिवर्तन) अधिनियम 2014 (2014 का अधिनियम संख्यांक 11) से इस विश्वविद्यालय का नाम परिवर्तन कर "राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर" घोषित किया गया है जो मूल प्रवृत्त की दिनांक 23 अगस्त 2012 से प्रभावी माना गया है।

2. **जनशक्ति (शैक्षणिक व अशैक्षणिक मय स्वीकृत व भरे पदों के) :—**

(अ) **विश्वविद्यालय में स्वीकृत शैक्षणिक पद** :— उच्च शिक्षा (ग्रुप—4) विभाग राजस्थान जयपुर के पत्रांक प.14 (30) शिक्षा —4 /2012 दिनांक 20.11.2017 के द्वारा विश्वविद्यालय में 05 शैक्षणिक विभागों यथा इतिहास, भूगोल, अंग्रेजी, गणित एवं राजनीति विज्ञान के संचालन हेतु प्रत्येक विभाग में 01 Professor, 02 Associate Professor एवं 03 Assistant Professor के अनुसार Professor के कुल 05 पद, Associate Professor के कुल 10 पद एवं Assistant Professor के कुल 30 पद स्वीकृत किये गये है, जिन पर राज्य सरकार से निर्देश प्राप्त कर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी।

(ब) विश्वविद्यालय में निम्नानुसार अशैक्षणिक पद स्वीकृत है :–

(i) स्वीकृत पदों का विवरण :–

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के द्वारा 05 व्याख्याता एवं 01 च.श्रे.कर्मचारी की प्रतिनियुक्ति विभिन्न राजकीय महाविद्यालयो से इस विश्वविद्यालय के कार्य में सहायतार्थ की गई है:–

| क्र.सं. | कुल स्वीकृत पद–पदनाम सहित | कुल स्वीकृत पदो की संख्या | भरे हुए पद | प्रतिनियुक्ति के द्वारा भरे गये पदों की संख्या | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कुलपति | 1 | 1 | – | माननीय कुलपति पदस्थापित है। |
| 2. | कुल सचिव | 1 | – | 1 | राजस्थान प्रशासनिक सेवा से पदस्थापित है। |
| 3. | वित्त नियंत्रक | 1 | – | 1 | राजस्थान लेखा सेवा के अधिकारी पदस्थापित है। |
| 4. | परीक्षा नियंत्रक | 1 | – | – | क्र.सं. 4 व 5 के लिए सीधी भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है। भर्ती प्रकिया जारी है। |
| 5. | उप कुलसचिव | 1 | – | – | |
| 6. | सहायक कुल सचिव | 2 | 2 | – | |
| 7. | विधि सहायक | 1 | 1 | – | |
| 8. | निजी सचिव | 1 | – | – | राज्य सरकार के निर्देशानुसार पदोन्नति पद |
| 9. | अनुभागाधिकारी | 2 | – | – | राज्य सरकार के निर्देशानुसार पदोन्नति पद |
| 10. | निजी सहायक | 1 | – | – | पद रिक्त– भर्ती प्रकिया जारी है। |
| 11. | सहायक लेखाधिकारी | 1 | – | 1 | निदेशालयकोष एव लेखा विभाग, राजस्थान से प्रतिनियुक्ति पर पदस्थापित है। |
| 12. | कनिष्ठ लेखाकार | 2 | – | 1 | एक रिक्त पद पर निदेशालय कोष एवं लेखा विभाग, जयपुर के द्वारा प्रतिनियुक्ति की जानी है। |
| 13. | वरिष्ठ लिपिक | 4 | – | – | राज्य सरकार के निर्देशानुसार पदोन्नति पद पद रिक्त |
| 14. | कनिष्ठ लिपिक | 10 | 10 | – | |
| 15. | वाहन चालक नियमित | 2 | – | – | पद रिक्त – राज्य सरकार के निर्देशानुसार रेक्सको से संविदा पर एक वाहन चालक की सेवाये ली जा रही है। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 16. | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 15 | 10 | — | शेष 05 पदो पर निर्देशानुसार सेवानिवृत कार्मिको की सेवाये ली जानी है। |
| 17. | स्टेनाग्राफर | 3 | — | — | भर्ती प्रकिया जारी है। |
| 18. | सूचना सहायक | 4 | — | 4 | सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग राजस्थान, जयपुर से 04 सूचना सहायक पदस्थापित है। |
| | कुल | 53 | 24 | 08 | |

3. वित्तीय वर्ष 2018—19 आय—व्ययक अनुमान, 2018—19 संशोधित अनुमान एवं वर्ष 2019—20 आय—व्ययक अनुमान :—

(i) वित्तीय वर्ष 2018—19 में इस विश्वविद्यालय हेतु स्वीकृत बजट प्रावधान एवं शेष की स्थिति निम्न प्रकार है :—

राशि लाखों में

| क्र. सं. | बजट मद 2202—03—102—12—(12) | वित्तीय वर्ष 2018—19 हेतु बजट प्रावधान | वित्तीय वर्ष 2018—19 हेतु संशोधित अनुमान | वित्तीय वर्ष 2017—18 की अवशेष राशि | वित्तीय वर्ष 2018—19 में आवंटित राशि | वित्तीय वर्ष 2018—19 हेतु उपलब्ध कुल राशि | माह दिसम्बर 18 तक कुल व्यय राशि | वर्ष 2018—19 में माह जनवरी फरवरी का व्यय अनुमान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12—सहायतार्थ अनुदान (गैर संवेतन) | 60.00 | 30.00 | 8.11 | 30.00 | 30.00 | 14.73 | 15.27 |
| 2 | 92—सहायतार्थ अनुदान (संवेतन) | 120.00 | 250.00 | 24.58 | 250.00 | 90.00 | 77.29 | 172.71 |
| 3 | पूंजीगत परिसम्पत्तियो के सृजन हेतु सहायतार्थ अनुदान | 700.00 | 350.00 | — | 350.00 | 350.00 | 350.00 | — |
| | योग | 880.00 | 630.00 | 32.69 | 630.00 | 470.00 | 442.02 | 189.95 |

(ii) वित्तीय वर्ष 2019–20 आय–व्ययक अनुमान :–

(राशि लाखों में)

| क्र.सं. | बजट मद 2202–03–102–12–(00) | वित्तीय वर्ष 2019–20 आय–व्ययक अनुमान |
|---|---|---|
| 1 | 12–सहायतार्थ अनुदान (गैर सवेतन) | 44.00 |
| 2. | 92–सहायतार्थ अनुदान (संवेतन) | 250.00 |
| 3. | पूजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु सहायतार्थ अनुदान | 440.00 |
| | योग | 774.00 |

4. **विश्वविद्यालय के विभाग एवं संघटक महाविद्यालयों के विधार्थियों के नामांकन** : राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर मे अभी विधार्थियों के अध्ययन हेतु शैक्षणिक गतिविधिया प्रारम्भ हो गई है। उच्च शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग राजस्थान जयपुर के पत्राक प.14 (30) शिक्षा –4 /2012 दिनाक 20.11.2017 के द्वारा विश्वविद्यालय में 05 शैक्षणिक विभागों यथा इतिहास, भूगोल, अंग्रेजी, गणित एवं राजनीति विज्ञान के संचालन हेतु Professor के 05 पद, Associate Professor के 10 पद एवं Assistant Professor के 15 पद स्वीकृत किये गये है, जिन पर राज्य सरकार से निर्देश प्राप्त होने पर भर्ती प्रकिया प्रारम्भ की जावेगी। विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2018–19 के परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र भरवाये जा रहे हैं। अतः परीक्षार्थियों के नामांकन की कार्यवाही परीक्षा आवेदन पत्र के साथ ही प्रक्रियाधीन है। वर्तमान मे विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालय नही है।

6

(ii) वित्तीय वर्ष 2019–20 आय–व्ययक अनुमान :–

(राशि लाखों में)

| क्र.सं. | बजट मद 2202–03–102–12–(00) | वित्तीय वर्ष 2019–20 आय–व्ययक अनुमान |
|---|---|---|
| 1. | 12–सहायतार्थ अनुदान (गैर संवेतन) | 44.00 |
| 2. | 92–सहायतार्थ अनुदान (संवेतन) | 250.00 |
| 3. | पूंजीगत परिसम्पत्तियो के सृजन हेतु सहायतार्थ अनुदान | 440.00 |
| | योग | 774.00 |

4. **विश्वविद्यालय के विभाग एवं संघटक महाविद्यालयों के विधार्थियों के नामांकन** राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर मे अभी विधार्थियों के अध्ययन हेतु शैक्षणिक गतिविधिया प्रारंभ हो गई है। उच्च शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग राजस्थान जयपुर के पत्रांक प.14 (30) शिक्षा –4 /2012 दिनांक 20.11.2017 के द्वारा विश्वविद्यालय में 05 शैक्षणिक विभागों यथा इतिहास, भूगोल, अंग्रेजी, गणित एवं राजनीति विज्ञान के संचालन हेतु Professor के 05 पद, Associate Professor के 10 पद एवं Assistant Professor के 15 पद स्वीकृत किये गये है, जिन पर राज्य सरकार से निर्देश प्राप्त होने पर भर्ती प्रकिया प्रारंभ की जावेगी। विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2018–19 के परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र भरवाये जा रहे हैं। अतः परीक्षार्थियों के नामांकन की कार्यवाही परीक्षा आवेदन पत्र के साथ ही प्रक्रियाधीन है। वर्तमान मे विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालय नही है।

5. वित्तीय प्रबन्ध :–

## (A) आय (**Income**)

1. **राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान (Block Grant From Government)** :– राज्य सरकार से संवेतन, गैर संवेतन एवं पूंजीगत परिसम्पत्तियों के निर्माण हेतु अनुदान प्राप्त होता है। वर्ष 2018–19 के लिये राज्य सरकार द्वारा रू. 880.00 लाख के अनुदान का प्रावधान किया गया है। जिसमें संवेतन मद में रू. 120.00 लाख, गैर संवेतन मद में रू. 60.00 लाख एवं पूंजीगत परिसम्मितियों का निर्माण मद में रू. 700.00 लाख सम्मिलित है। वर्ष 2018–19 में सशोधित अनुमान संवेतन 250.00 लाख और गैर संवेतन में 30.00 लाख एवं परिसम्मितियों का निर्माण मद में 350.00 लाख सम्मिलित हैं।

2. **परीक्षा फीस** :– वर्ष 2018–19 में इस मद में रू 2065.40 लाख प्राप्त होने का अनुमान है। जिसमें से दिसम्बर 2018 तक रूपये 1329.00 लाख प्राप्त हुये है।

3. **सम्बद्धता शुल्क** (Affiliation fees):– वर्ष 2018–19 में इस मद में रू. 275.00 लाख प्राप्त होने का अनुमान है। जिसमें से अब तक रू. 274.51 लाख प्राप्त हुआ है। राजस्थान विश्वविद्यालय से रू. 68.00 लाख बकाया राशि प्राप्त करने हेतु पत्राचार किया जा रहा है। शीघ्र ही राशि प्राप्त होने का अनुमान है।

4. **स्पोटर्स बोर्ड** :– इस मद में वर्ष 2018–19 में रू. 27.00 लाख प्राप्त होने का अनुमान है। जिसमें से रूपये 15.00 लाख प्राप्त हुआ है।

5. **परीक्षा केन्द्र फीस** (Exam Center Fees) :– वर्ष 2018–19 में रूपये 8.85 लाख प्राप्त होने का अनुमान है।

6. **जुर्माना (Penalties)** :– चालू वित्तीय वर्ष में इस मद में रू. 3.00 लाख प्राप्त होने का अनुमान है।

7. **ब्याज से आय (Income from Interest)** वर्ष 2018–19 में SBI, ICICI, CANARA, IDBI में जमाओं से लगभग 90.00 लाख रू. ब्याज के रूप में प्राप्त होने का अनुमान है। माह दिसम्बर 2018 तक कुल रू. 50.5 लाख प्राप्त हुआ है।

**(B) व्यय (Expenditure)**

1. **वेतन एवं भत्ते** :– इस मद मे वर्ष 2018–19 हेतु विश्वविद्यालय में स्वीकृत पदों (53 पद) को ध्यान में रखते हुए रू. 250.00 लाख का प्रावधान किया गया था। माह दिसम्बर, 2018 तक 77.29 लाख रू. व्यय हुआ है । वर्ष 2019–20 में 250.00 लाख का प्रावधान किया गया है।

2. **Other Than Salary Exp.** :– इस मद में वि.वि. के विद्युत एव पानी व्यय, यात्रा भत्ता, चिकित्सा भत्ता, पारिश्रमिक, मोटर व्हीकल, स्टेशनरी प्रिंटिंग, टेलिफोन, कम्प्यूटर, विज्ञापन, गार्डन मेन्टीनेन्स, भवन किराया, सर्विस पोस्टेज, फर्नीचर लीगल व्यय एवं, कार्यालय सफाई इत्यादी व्यय सम्मिलित हैं। इस मद मे वित्तीय वर्ष 2018–19 में दिसम्बर, 2018 तक 14.73 लाख रू. व्यय हुआ है। तथा इस वितिय वर्ष मे रू. 30 लाख का व्यय का प्रावधान है।आगामी वर्ष 2019–20 में 44.00 लाख का प्रावधान है।

3. **पूंजीगत परिसम्पत्तियों का निर्माण** (Capital Expenditure) :– वर्ष 2018–19 में प्रशासनिक भवन निर्माण हेतु रू. 350 लाख का प्रावधान किया गया है। इस वित्तीय वर्ष में राशि रू. 350.00 लाख प्राप्त हो चुका है।

6. वित्तीय वर्ष 2018–19 की महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ : –

(i) **शोध कार्यक्रम का प्रारंभ** :– सत्र 2018–19 में विश्वविद्यालय में पी.एचडी कार्यक्रम प्रवेश प्रक्रिया का परिणाम जारी कर कोर्स वर्क प्रारंभ किया गया । कोर्स वर्क की अवधि पूर्ण होने पर कोर्स वर्क परीक्षा का आयोजन किया गया तथा परीक्षा का परिणाम जारी कर रजिस्ट्रेशन प्रकिया जारी है।

(ii) **भूमि पर चार दीवारी एवं भवन निर्माण** :– इस विश्वविद्यालय को ग्राम हल्दीना, तहसील मालाखेडा, जिला अलवर में आवंटित **49.70 हैक्टेयर भूमि** पर चार दीवारी का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं विश्वविद्यालय का अकादमिक एवं परीक्षा भवन का कार्य प्रग्रति पर है जिसके लिए वर्ष 2018–19 में प्रशासनिक भवन निर्माण हेतु 700 लाख का प्रावधान किया गया है। इस वितिय वर्ष में राशि रू. 350.00 लाख प्राप्त हो चुका है।

(iii) **पाठ्यक्रम** :– विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2018–19 से स्नातक भाग द्वितीय एवं स्नातकोत्तर उतरार्द्ध कक्षाओं के लिये स्वंय का पाठ्यक्रम जारी किया गया। स्नातक भाग तृतीय कक्षा के लिये राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा सत्र 2018–19 (परीक्षा वर्ष 2019) के लिये निर्धारित पाठ्यक्रम (वार्षिक योजना) को अपनाया गया है।

(iv) **सम्बद्धता** :– शैक्षणिक सत्र 2018–19 मे विश्वविद्यालय द्वारा 04 विधि महाविद्यालयों 67 शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों को एवं 16 इन्टीग्रेटेड महाविद्यालयो सम्बद्धता अवधि में अभिवृद्धि की गई। शेष महाविद्यालयों की सम्बद्धता प्रकियाधीन है।

(v) **परीक्षा** : विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2018 में समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के परीक्षार्थियों एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थीयों हेतु स्नातक भाग प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय, स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध व उत्तरार्द्ध, विधि प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष व तृतीय वर्ष तथा बी.एड. प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष एवं बी.ए.– बी.एड., बी.एससी.–बी.एड. (इन्टीग्रेटेड) प्रथम वर्ष, डी.लिब., डी.एल.एल. की परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। सभी परीक्षा परिणाम जारी किये जा चुके है। परीक्षा 2019 के लिए परीक्षार्थियों से परीक्षा आवेदन पत्र भरवाये जा रहे है।

(vi) **सीधी भर्ती** :– वित्तीय वर्ष 2018–19 में 02 सहायक कुलसचिव, 01 विधि सहायक, 10 लिपिक ग्रेड–II, एवं 10 सहायक कर्मचारियों की भर्ती कर ली गई है। तथा परीक्षा नियंत्रक एवं उप कुल सचिव के पदों पद पर पुनः विज्ञापन जारी कर भर्ती प्रक्रिया जारी की गई हैं।

(vii) **स्वच्छता कार्यक्रम** :– भारत सरकार द्वारा संचालित स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत दिनांक 02 अक्टूबर, 2018 **'स्वच्छता ही सेवा'** अभियान को सफल बनाने की दृष्टि से विश्वविद्यालय परिसर में साफ–सफाई की गई एवं सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यो को विद्यार्थियों के माध्यम से स्वच्छता सम्बन्धी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर महाविद्यालय परिसर एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ–सफाई करने के निर्देश प्रदान किये गये।

7. **भावी योजना वित्तीय वर्ष 2019–20 :–**

(i) वित्तीय वर्ष 2019–20 में विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनो यथा शैक्षणिक भवन, पुस्तकालय भवन, कार्मिकों के आवास हेतु भवन एवं अन्य भवनो का निर्माण प्रस्तावित है।

(ii) शैक्षणिक सत्र 2019–20 से स्नातक भाग तृतीय के लिये विश्वविद्यालय का स्वय का पाठ्यक्रम संचालित किया जाना प्रस्तावित है।

(iii) सत्र 2019–20 में विश्वविद्यालय द्वारा अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना प्रस्तावित हैं।

(iv) सत्र 2019–20 से विश्वविद्यालय में राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत 05 शैक्षणिक विभागों में एम.फिल. कक्षाओं का संचालन किया जाना प्रस्तावित है।

(v) स्ववित्त पोषित योजना के अंतर्गत कतिपय पाठ्यक्रम संचालित किया जाना प्रस्तावित है।

8. **संचालित संकाय एवं विषयों का विवरण :–** विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय व निजी महाविद्यालयों में कला, ललितकला, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, वाणिज्य, शिक्षा एवं विधि संकायों के निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार सम्बन्धित विषय संचालित हैं।

(जीतेन्द्र सिंह नरूका)
कुल सचिव
दिनांक : 04.02.2019

क्रमांक : रात्रऋममवि / अल / स्था० / 2019 / 1504 - 1506

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–**

1. सचिव, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, राजस्थान, जयपुर।
2. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय।

कुल सचिव